हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 नवंबर 2026

सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 आधी रात को रेत खदान पर प्रशासन की दबिश, उत्खनन करते दो ...



07 मंत्री टेटवाल व कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, बिजली...



खबर संक्षेप

कांग्रेस उपाध्यक्ष गोयल का किया सम्मान

सीहोर। मप्र कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भोपाल जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एवं इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गोविन्द गोयल का जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शॉल श्रीफल पुष्पगुच्छ एवं फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आरके बांगरे, नरेन्द्र खंगराले, सीहोर ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम यादव, नपा में नेताप्रितपक्ष विवेक राठौर, पूर्व पार्षद रामू चौधरी, आरती खंगराले, शेख मुन्शी, आशीष गुप्ता, तुलसी राजकुमार राठौर, आसिफ असांरी, कमलेश चाण्डक, भगत सिंह तोमर, राधेश्याम यादव, विक्रम पैरवाल आष्टा, नंदकिशोर मालवीय, दीपक सोनकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

खजूर के पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार



सीहोर। इंदौर-भोपाल हाईवे पर जताखेड़ा के पास एक सड़क हादसा हो गया। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वाहन से चालक का नियंत्रण छूट गया और कार सड़क किनारे लगे खजूर के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खजूर का पेड़ बीच से टूटकर ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों पर जा लटका, जबकि नीचे सड़क पर कार बुरी तरह पलट गई। हादसे में कार में सवार लोगों को गंभीर चोटें आने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस से अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि कार की गति तेज थी। कार जैसे ही जताखेड़ा पुलिया के पास पहुंची व अनियंत्रित हुई और पेड़ से जा टकराई। कार की टक्कर से खजूर का पेड़ आड़ा होकर बिजरी के तारों पर झूल गया।

पीजी कॉलेज में मनाया गया गौरव दिवस

सीहोर। उच्च शिक्षा विभाग निर्देशों के पालन में 14 नवंबर को चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. तिमोथियस एक्का रहे। उन्होंने अपने संबोधन में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके संघर्ष, सामाजिक चेतना, जनजातीय समाज के उत्थान पर प्रकाश डाला।

डीआईजी राजेश चंदेल पहुंचे घटना स्थल पर, चार टीमें और बनी

मर्डर, किडनैपिंग या गायब होने का कोई मास्टरप्लान, 11 दिन से लापता परिवार

तीन नवंबर से लापता है पति-पत्नी और बेटा, बेटी ने अपने ही मामाओं पर लगाए गंभीर आरोप, मामा बोले हम निर्दोश हैं, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





अहमदपुर थाना क्षेत्र में एक ऐसा रहस्यमयी मामला सामने आया है, जिसने पुलिस के साथ-साथ आम जनता के भी होश उड़ा दिए हैं। पिछले 11 दिनों से एक ही परिवार के तीन सदस्य पति, पत्नी और बेटा ऐसे गायब हुए हैं कि उनका कोई सुराग नहीं मिल रहा। मामले में मर्डर, किडनैपिंग या खुद गायब होने की थ्योरी पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी राजेश चंदेल ने स्वयं मौक पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार लापता सुरेश दांगी, पत्नी ओमवती और बेटा राजेश निवासी खाईखेड़ा बीते 3 नवंबर से लापता है। यह आरोप सुदेश-ओमवती दांगी की बेटी किरण दांगी ने जनसुनवाई में लगाए हैं। किरण का कहना है कि उनके माता-पिता और भाई गत 3 नवंबर से खाईखेड़ा स्थित जमीन से गायब हैं, जहां वे 24 अक्टूबर से रह रहे थे। किरण के मुताबिक जिस रात वे गायब हुए, उस रात जमीन पर उनके दोनों मामा डालचंद और चंदन भी मौजूद थे, जिनसे पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि गायब होने के अगले दिन घटनास्थल की एक दीवार पर लाल रंग पोता हुआ मिला, साक्ष्यों को छिपाने की कोशिश की गई है।

मामा बोले, जीजा ने खुद रचा ड्रामा

भांजी के गंभीर आरोपों के बाद दोनों मामा डालचंद और चंदन खुद कलेक्टर और एसपी दफ्तर पहुंच गए। उन्होंने साफ कहा कि वे पूरी तरह निर्दोष हैं और पुलिस की हर जांच में सहयोग करने को तैयार हैं। मामाओं ने दावा किया कि जमीन का विवाद कोर्ट में चल रहा है और हाल ही में हाईकोर्ट से उनके पक्ष में स्टे आ चुका है। उनका आरोप है कि कानूनी शिकंजे और अवमानना के मामलों से बचने के लिए जीजा सुरेश दांगी ने खुद ही अपनी पत्नी और बेटे के साथ मिलकर गायब होने का नाटक रचा है, ताकि वे उन्हें झूठे अपहरण या मर्डर केस में फंसा सकें। मामाओं ने तो यह तक कह दिया कि पुलिस चाहे तो शक के आधार पर पूरी दीवार खुदवा कर देख ले।

दांगी समाज ने भी दिया अल्टीमेटम

इस दिलचस्प और उलझे हुए मामले को लेकर दांगी समाज के लोगों ने भी मोर्चा खोल दिया है। समाज के अध्यक्ष बाबूलाल दांगी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने एसपी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और पुलिस को लापता लोगों को ढूंढने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

तीन घंटे तक रुके डीआईजी चंदेल

बता दें शनिवार को डीआईजी राजेश चंदेल भी ग्राम खाईखेड़ा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिजन से पूछताछ की। इस दौरान मौके पर सुरेश दांगी की बाईक मिली, जबिक खाने के टिफन भी बरामद हुए। टिफन में मौजूद रोटी में फफूंद लग चुकी थी। इधर घटना की गंभीरता को देखते हुए चार टीआई और बनाई गई है। अहमदपुर थाना प्रभारी बीएल त्यागी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों से अधिक दिशा निर्देष प्राप्त हुए हैं, जिन पर अमल शुरू कर दिया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चार अन्य टीमों का भी गठन किया है।

देर रात तीन युवकों ने किशोर को मारी छुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कोतवाली थाना अंतर्गत तहसील चौराहा के पास देर रात एक 17 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। एक युवक के साथ दोस्ती रखने की बात से नाराज तीन युवकों ने किशोर को रास्ते में रोककर न केवल गाली-गलौज और मारपीट की, बल्कि छुरी से वार कर उसे घायल कर दिया। घायल किशोर को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जूनियाबाड़ी कस्बा निवासी जैद खान अपने भाई शोएब के साथ मोटर वाइंडिंग का काम करता है। 14 नवंबर की रात करीब 12.30 बजे जैद अपने साथी अयान के साथ अनवर भाई के यहां से खाना खाकर अयान की स्कूटी से वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वे दोनों तहसील चौराहा के पास पहुंचे, वहां पहले से मौजूद तीन युवक हमजा, उबेर और शहनवाज ने उनका रास्ता रोक लिया।

दोस्ती को लेकर हुआ विवाद

पीड़ित जैद खान ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि तीनों आरोपियों ने उसे रोकते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और सवाल किया कि वह अरशान के साथ क्यों रहता है। जब जैद ने कहा कि अरशान उसका दोस्त है तो आरोपी भड़क गए। विवाद बढ़ने पर आरोपी हमजा ने अपने पास रखी छुरी निकालकर जैद पर हमला कर दिया। इस हमले में जैद की पीठ के दाहिने हिस्से, कमर के बाएं हिस्से और बाएं कंधे पर गहरी चोटें आईं और खून बहने लगा। हमले के दौरान शहनवाज ने जैद को पकड़ रखा था, जबकि उबेर ने उसके साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की। जब साथी अयान ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे भी अपशब्द कहे।

आवाज सुनकर दौड़े राहगीरों ने बचाया

रात के सन्नाटे में शोर-शराबा और चिल्लाचोट सुनकर आसपास मौजूद आहद और अमान मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर जैद को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। जाते-जाते तीनों आरोपियों ने धमकी दी कि आज तो बच गया, लेकिन भविष्य में यदि वह दोबारा अरशान के साथ दिखाई दिया तो उसे जान से खत्म कर देंगे। घटना के बाद अयान और हसीब भाई घायल जैद को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। इलाज के बाद पीड़ित ने अपने भाई शोएब के साथ थाने पहुंचकर तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

किसानों की मौत पर मानवाधिकार आयोग सख्त, किया जवाब तलब

- चार माह से संघर्ष कर रहे 25 गांवों के किसानों में जगी न्याय की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खेतों में झूलते 11 केवी और एलटी बिजली के तारों की चपेट में आने से हो रही किसानों की मौतों और ग्रामीणों के गंभीर रूप से झुलसने के मामलों को मध्य प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग ने बेहद गंभीरता से लिया है। लगातार उठ रहे इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए आयोग के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने इस मामले में विद्युत मंडल के महाप्रबंधक और जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

किसान नेता एमएस मेवाड़ा के अनुसार मानवाधिकार आयोग ने खेतों में लटकते बिजली के तारों से हो रही इन जानलेवा दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। आयोग ने इस बात पर भी सवाल उठाए हैं कि इतनी बड़ी दुर्घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार विद्युत अधिकारियों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इन मामलों में पुलिस कार्रवाई में कथित देरी क्यों हो रही है।

चार माह से न्याय की लड़ाई लड़ रहे 25 गांवों के किसान

गौरतलब है कि किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में सीहोर जिले के करीब 25 गांवों के किसान पिछले चार महीने से विद्युत मंडल की लापरवाही के खिलाफ लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि ग्रामीण क्षेत्रों के खेतों में वर्षों से बेहद नीचे झूल रहे बिजली के तार और जर्जर हो चुके खंभे मौत का जाल बने हुए हैं। कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें करने के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारियों ने समय रहते इनकी मरम्मत नहीं कराई। इस घोर लापरवाही का खामियाजा निर्दोष किसानों और उनके परिवारों को अपनी जान गंवाकर चुकाना पड़ रहा है। कई घरों के कमाऊ सदस्य छिन गए हैं, वहीं जो किसान गंभीर रूप से घायल हुए हैंए वे आज भी शारीरिक, मानसिक और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। किसान नेता व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने बताया कि मानव अधिकार आयोग द्वारा लिए गए संज्ञान के बाद अब उम्मीद हैं किसानों को न्याय मिलेगा।

किसानों की मुख्य मांगे

- मामले की हो निष्पक्ष जांच
- जांच में दोषी पाए जाने पर हो एफआईआर दर्ज
- पीड़ित परिवारों को मिले 25 लाख मुआवजा
- पीड़ित परिवार के एक सदस्य को मिले नौकरी
- घायल किसानों का हो उचित उपचार

नासिक से थमी प्याज की रफ्तार, बढ़े भाव

- 70 रुपए प्रतिकिलो पहुंच गए प्याज के भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



महाराष्ट्र के नासिक से आने वाली प्याज की आपूर्ति में आई भारी गिरावट ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इसका सीधा असर जिले भर में देखने को मिल रहा है, जहां प्याज के दाम अचानक उछलकर 70 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गए हैं। नासिक से प्याज की आवक कम होने और जिला मुख्यालय स्थित मंडी में भी स्टॉक की कमी के कारण आम लोगों की रसोई का पूरा बजट गड़बड़ा गया है। व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द ही नासिक से नई खेप नहीं पहुंची तो आने वाले दिनों में प्याज के दाम और भी ज्यादा बढ़ सकते हैं।

बता दें सीहोर और आसपास के क्षेत्रों में प्याज की मुख्य आपूर्ति महाराष्ट्र के नासिक की मंडियों पर निर्भर करती है। सीहोर सब्जी मंडी के प्रमुख व्यापारी सतीश दरोठिया ने बताया कि कीमतों में उछाल के पीछे सबसे बड़ा कारण बाजार में प्याज की भारी किल्लत है। नासिक की थोक मंडियों से सीहोर आने वाली प्याज की खेप में बड़ी कटौती हुई है। पहले के मुकाबले मंडी में बहुत कम मात्रा में प्याज पहुंच रही है। सतीश दरोठिया ने बताया कि यदि इसी तरह नासिक की प्याज पर रोक लगी रही तो आने वाले दिनों में दामों में तेजी से इजाफा होगा।

स्थानीय प्याज भी नदारद

एक तरफ नासिक से सप्लाई प्रभावित है तो दूसरी तरफ स्थानीय स्तर पर भी किसानों के पास पुराना स्टॉक लगभग खत्म हो चुका है। दोतरफा कमी के कारण मंडी में प्याज की उपलब्धता बेहद कम रह गई है, जिससे थोक और फुटकर दोनों बाजारों में भाव तेजी से चढ़ रहे हैं।

70 रुपए किलो पहुंची प्याज

आमतौर पर बाजार का नियम है कि गर्मी के मौसम में आवक कम होने या त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने पर प्याज के दाम आसमान छूते हैं। लेकिन इस बार ठंड के मौसम में ही प्याज 70 रुपए किलो तक बिक रही है, जिसने ग्राहकों और व्यापारियों दोनों को हैरान कर दिया है। व्यापारी सतीश दरोठिया के मुताबिक मौजूदा समय में बाजार में प्याज की मांग सामान्य दिनों के मुकाबले कुछ कम ही है। इसके बावजूद केवल नासिक से आवक घटने और स्थानीय माल की कमी के चलते कीमतों में इतनी तेजी आई है। उन्होंने कहा कि अगर अगले एक-दो सप्ताह में नासिक से नई फसल की आवक शुरू नहीं हुई तो कीमतें 70 रुपए से भी आगे निकल सकती हैं। व्यापारियों का कहना है कि भाव में तेजी आए कुछ यही सोच कर स्थानीय किसानों ने भी प्याज का स्टॉक कर रखा है।

पहले ही महंगाई से बहुत परेशान थे

गृहणी भारती राय ने बताया कि पहले से ही महंगाई ने घर का बजट बिगाड़ रखा है। किचन में उपयोग होने वाली हर चीज है, चाहे वह शक्कर हो, दाल हो या अन्य सामग्री, ऊपर से अब प्याज के दाम में आई तेजी से परेशानी में डाल दिया है। इसी तरह आरती सेन ने बताया कि प्याज के बिना हर सब्जी अधूरी है। बगैर के प्याज के सब्जी बनेगी तो स्वाद भी नहीं आएगा, प्याज के भाव में गिरावट होना चाहिए।

रसोई का बजट बिगड़ा

बता दें प्याज रसोई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उपयोग लगभग हर सब्जी, दाल और सलाद में होता है। पहले से ही खाद्य तेल, दालों और अन्य सब्जियों की महंगाई से जूझ रहे मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों पर 70 रुपए किलो प्याज ने दोहरी मार डाली है। गृहणियों का कहना है कि महीने का राशन बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। जहां पहले लोग एक बार में 2 से 5 किलो प्याज खरीदते थे, वहीं अब ऊंचे दामों के कारण लोग केवल 250 ग्राम या आधा किलो प्याज खरीदकर ही काम चलाने को मजबूर हैं। होटल और छोटे ढाबा संचालकों की लागत भी इससे काफी बढ़ गई है।

जिले में धीरे-धीरे मौसम ने करवट बदलनी की शुरू, ओर गिरेगा पारा

मौसम के दो रंगः दिन में धूप तो सुबह-रात में ठिठुरन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नवंबर का आधा महीना बीतने के साथ ही सीहोर जिले में मौसम ने करवट बदलनी शुरू कर दी है। जिले में इन दिनों मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। एक तरफ जहां सुबह और रात के समय सर्दी अपना असर दिखा रही है, वहीं दूसरी तरफ दोपहर में निकल रही तेज धूप लोगों को गर्मी का अहसास करा रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक, जिले में न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 14 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है, जबकि बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है।



दिन और रात में अंतर

दिन और रात के तापमान में लगभग 17 डिग्री का बड़ा अंतर होने के कारण मौसम में बदलाव साफ महसूस किया जा रहा है।

सुबह-शाम की ठंडक

सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों, दफ्तर निकलने वाले कर्मचारियों और मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों को अच्छी-खासी ठंड का सामना करना पड़ रहा है। लोग अब सुबह के वक्त स्वेटर, जैकेट और शॉल जैसे हल्के गर्म कपड़ों में नजर आने लगे हैं। इधर शाम ढलने के साथ ही हवाओं में ठंडक घुल जाती है। खासकर रात के समय दोपहिया वाहनों (बाइक-स्कूटर) से सफर करने वालों को सर्द हवाएं चुभने लगी हैं। इसके ठीक उलट, सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक धूप काफी तीखी रह रही है, जिससे दोपहर के समय हल्की गर्मी महसूस हो रही है।

18-19 नवंबर से बढ़ेगी ठंड, गिरेगा पारा

मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले दिनों में सीहोर जिले में आसमान पूरी तरह साफ और मौसम शुष्क (सूखा) बना रहेगा। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दिनों में दिन का अधिकतम तापमान 28 से 31 डिग्री के बीच बना रहेगा, लेकिन रात का न्यूनतम तापमान 12 से 17 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। विशेष रूप से 18 और 19 नवंबर के आसपास उत्तरी हवाओं के असर से रात के तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। इससे सुबह और रात की ठंड में इजाफा होगा, हालांकि दिन में धूप खिली रहने से राहत भी मिलती रहेगी। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आगामी दिनों में अब सर्दी में तेजी से इजाफा होगा।

टैक्सी स्टैंड पर चल रही थी जुआ की फड़, घेराबंदी कर पांच को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बस स्टैंड स्थित टैक्सी स्टैंड पर ताश पत्तों से हार-जीत के दांव लग रहे थे। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस को आते देख वहां भगदड़ मच गई। पुलिस ने पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 52 ताश के पत्ते और 5 हजार 40 रुपए की नगदी जब्त किए हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि बस स्टैंड के पास स्थित टैक्सी स्टैंड पर कुछ लोग ताश के पत्तों पर पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची। पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी की और मौके से जुआ खेल रहे पांचों व्यक्तियों को धर दबोचा।

पकड़े गए जुआरी, नगदी जब्त

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मनीष राठौर निवासी कुमार मोहल्ला, संतोष भिलाला निवासी स्वदेश नगर, अल्पेश कुरैशी निवासी पुराना बस स्टैंड, बृजेश राठौर निवासी साईं नाथ मंदिर के पास टिगर मोहल्ला गंज और उमेश राठौर निवासी स्वदेश नगर को गिरफ्तार किया। मौके पर पकड़े गए आरोपियों की जामा तलाशी और फड़ पर रखे रुपयों की जब गिनती की गई तो कुल 5 हजार 40 रुपए नगद बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ जुआं एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



खबर संक्षेप

अवैध शराब के खिलाफ अबकारी विभाग ने की कार्रवाई

सीहोर। जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, खरीद-बिक्री, परिवहन एवं चौर्यनयन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 7 से 13 नवंबर तक चलाए गए विशेष अभियान के तहत विभाग ने कुल 36 प्रकरण दर्ज कर 27 आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार किया। प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि प्राप्त सूचनाओं और शिकायतों के आधार पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। इस दौरान 9 आरोपी मौके से फरार होने अथवा नहीं मिलने के कारण उनके विरुद्ध अज्ञात प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए। कार्रवाई के दौरान 213 पाव देशी मदिरा, 79 पाव विदेशी मदिरा, 38 नग बीयर, 75 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा तथा 1110 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 47 हजार रुपये आंका गया है।

यह कार्रवाई वृत सीहोर के सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक , वृत बुधनी एवं भैरूंदा के आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल, वृत दोराहा के आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री रिया जैन एवं विभागीय टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में की गई। अभियान में आबकारी मुख्य आरक्षक वैभव नागवंशी, ललित गीते, प्रियवंदना पाण्डेय, आबकारी आरक्षक आकाश कोली, सत्यवान वर्मा, रामसखी, शिखा, हिमानी सहित आबकारी आरक्षकों एवं नगर सैनिकों का कार्रवाई में सराहनीय योगदान रहा।

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने प्रशासन ने की कार्रवाई

आधी रात को रेत खदान पर प्रशासन की दबिश, उत्खनन करते दो जेसीबी की जब्त

अधिकारियों ने खदान क्षेत्र में पहुंचकर जांच की तो दो जेसीबी मशीनें रेत का उत्खनन करते हुए मिलीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



तहसील भैरुंदा क्षेत्र में नर्मदा नदी में लंबे समय से धड़ल्ले से चल रहे अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने आधी रात को बड़ी कार्रवाई की। शुक्रवार देर रात एसडीएम सुधीर कुशवाह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम चौरसाखेड़ी स्थित रेत खदान पर अचानक दबिश दी। यहां नदी से रेत निकालने के काम में लगी दो जेसीबी मशीनों को मौके से जब्त किया गया। जब्त मशीनों को आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए गोपालपुर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि जैसे ही राजस्व अमले के पहुंचने की भनक लगी, आसपास के क्षेत्रों में उत्खनन कर रहे रेत माफियाओं ने अपनी जेसीबी और पनडुब्बी मशीनें लेकर मौके से भाग निकले। काफी समय से नर्मदा नदी के अलग-अलग घाटों पर मशीनों के जरिए रेत निकालने और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व अन्य वाहनों से परिवहन का काम धड़ल्ले से चलने की शिकायतें मिल रही थीं।

अधिकारियों ने की जांच

जानकारी के अनुसार चौरसाखेड़ी क्षेत्र में नर्मदा नदी से बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन किए जाने की शिकायतें प्रशासन तक पहुंच रही थीं। इसके बाद शुक्रवार देर रात एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा और नायब तहसीलदार रामदास गोरले सहित राजस्व विभाग का अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने खदान क्षेत्र में पहुंचकर जांच की तो दो जेसीबी मशीनें रेत का उत्खनन करते हुए मिलीं। टीम ने तत्काल दोनों मशीनों को जब्त कर लिया। रात के अंधेरे में हुई इस कार्रवाई से रेत उत्खनन में लगे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। प्रशासन की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने वालों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं, जब्त मशीनों को पुलिस के सुपुर्द कर मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ग्रामीण डीमावर, अंबा और वडगांव में भी कार्रवाई की कर रहे मांग

चौरसाखेड़ी में प्रशासन की कार्रवाई के बाद अब तहसील क्षेत्र की अन्य रेत खदानों पर भी सख्ती की मांग उठने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नर्मदा नदी के डीमावर, अंबा और वडगांव क्षेत्र में भी पनडुब्बी, जेसीबी और पोकलेन मशीनों के माध्यम से रेत उत्खनन किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। नदी से मशीनों द्वारा रेत निकालने के बाद वाहनों से उसका परिवहन भी किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि इन क्षेत्रों में भी नियमित जांच की जाए तो अवैध उत्खनन की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। केवल एक स्थान पर कार्रवाई करने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। इसके लिए राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम बनाकर नर्मदा नदी के सभी संवेदनशील घाटों पर निगरानी रखनी चाहिए तथा अवैध उत्खनन और परिवहन में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि नर्मदा नदी से लगातार अवैध रेत उत्खनन की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी के चलते राजस्व अमले ने शुक्रवार देर रात चौरसाखेड़ी में कार्रवाई करते हुए उत्खनन में लगी दो जेसीबी मशीनें जब्त की हैं। अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

मुख्य मार्ग से सब्जी-फल के ठेले हटवाकर हाट बाजार में कराया शिफ्ट

सड़क तक रखा सामान हटवाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर के मुख्य मार्ग पर लगातार बढ़ रही यातायात की समस्या और आए दिन लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर परिषद ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। शनिवार को नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने सीएमओ आरपी सिंह और नपा अमले के साथ नगर भ्रमण कर भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क पर दुकानें लगाकर यातायात में बाधा पैदा करने वाले दुकानदारों को समझाइश देने के साथ ही सड़क किनारे रखी सामग्री को हटवाया गया। वहीं सब्जी, फल और फूल के ठेले लगाने वाले विक्रेताओं को मुख्य मार्ग से हटाकर निर्धारित सब्जी हाट बाजार में दुकानें लगवाई गईं। नगर परिषद अध्यक्ष और सीएमओ ने मुख्य मार्ग पर पहुंचकर दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी दुकानदार अपनी दुकान का सामान सड़क तक नहीं रखेगा। सड़क पर सामग्री रखने और ठेले लगाने से आवागमन प्रभावित होता है। इससे पैदल चलने वाले लोगों के साथ ही दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। नपा अमले ने दुकानों के सामने सड़क तक रखी सामग्री को हटवाकर दुकानदारों को आगे से निर्धारित सीमा में ही दुकान संचालित करने की हिदायत दी। साथ ही चेतावनी दी कि निरीक्षण के बाद भी यदि किसी दुकानदार ने दोबारा सड़क पर सामान रखा तो उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य मार्ग पर सब्जी, फल और फूल विक्रेताओं के ठेले लगने से भी दिनभर यातायात बाधित रहता था। सड़क किनारे ठेले लगने के कारण वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती थी और कई बार जाम की स्थिति बन जाती थी। इस समस्या को देखते हुए नगर परिषद ने सभी विक्रेताओं को एक स्थान पर दुकानें लगाने के निर्देश दिए। नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने मौके पर मौजूद रहकर विक्रेताओं के ठेले सब्जी हाट बाजार में शिफ्ट करवाए, ताकि मुख्य मार्ग पर आवागमन के लिए पर्याप्त जगह मिल सके और बाजार में आने वाले नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

विक्रेताओं का स्वागत

नगर परिषद की इस कार्रवाई के दौरान सकारात्मक पहल भी देखने को मिली। सब्जी, फल और फूल विक्रेताओं ने निर्धारित स्थान पर दुकानें लगाने की सहमति दी और अपने ठेले हाट बाजार में व्यवस्थित रूप से लगाए। इस पर नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर, सीएमओ आरपी सिंह और नगर परिषद के अमले ने विक्रेताओं का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाई। नगर परिषद का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य किसी दुकानदार को परेशान करना नहीं, बल्कि बाजार व्यवस्था को बेहतर बनाना और आम नागरिकों को जाम की समस्या से राहत दिलाना है। नगर परिषद ने स्पष्ट किया कि मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित तरीके से ठेले लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आने वाले दिनों में भी नगर में भ्रमण कर व्यवस्था का निरीक्षण किया जाएगा और निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

हर्षोल्लास के साथ मनाया बाल दिवस, बच्चों के अधिकारों और शिक्षा पर दिया गया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर आज पूरे क्षेत्र में 'बाल दिवस' बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम , खेलकूद प्रतियोगिताओं और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शनिवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137 वीं जयंती के अवसर पर क्षेत्र के शैक्षणिक एवं अन्य संस्थाओं में सांस्कृतिक सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस मौके पर मिडिल स्कूल नादान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र - छात्राओं ने चित्रकला , भाषण , गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रभारी कमलसिंह मालवीय ने पंडित नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंडित नेहरू का बच्चों के प्रति उनके विशेष प्रेम और स्नेह के कारण उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहा जाता था। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिलीप सिंह कलमीय , शिक्षक विनोद कुमार , जगदीश बारेला , शिवानी जयसवाल , मीना वर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। इसी प्रकार अन्य स्कूल और संस्थाओं में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आनंद मेला में 75 स्टॉल पर सजे स्वादिष्ट व्यंजन



भैरुंदा। जेता जी वर्ल्ड एकेडमी में आनंद मेले का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। मेले में कुल 75 स्टॉल लगाए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल सजाए। मेले में बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अलग-अलग व्यंजनों का आनंद लिया। स्टॉल पर पानीपुरी, इडली, भेलपुरी, कोल्ड कॉफी, चाय, मोमोज, ब्रेड और रोटी सैंडविच सहित कई तरह के व्यंजन उपलब्ध रहे। बच्चों ने अपने हाथों से स्टॉल का संचालन कर उत्साह के साथ लोगों को व्यंजन परोसे। विद्यालय के निदेशक महेंद्र पंचार एवं प्राचार्या श्रीमती चंद्रलेखा जनार्दन रेड्डी के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देना था। मेले के माध्यम से बच्चों को आपसी सहयोग, प्रबंधन और व्यवहारिक अनुभव सीखने का अवसर मिला। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

ऑक्सफोर्ड स्कूल में बाल मेले का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के प्रतिष्ठित दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल में आज बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए भी एक यादगार अनुभव बन गया।

इस अवसर पर बाल मेले का उद्घाटन संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने अभिभावकगण के साथ किया। मेले में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए थे, जहां उन्होंने मेला लगाने का अनुभव लिया। इन स्टालों पर बच्चों ने न केवल खाद्य पदार्थों की बिक्री की, बल्कि कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर एड. जॉली कुरियन और प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी बच्चों को माता-पिता व गुरूजन का सम्मान करने को कहा। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत और नृत्य ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में रंगारंग माहौल का निर्माण किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन एवं समस्त शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे।

5 दिसंबर होगी राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता, दो दिवसीय ट्रायल शुरू



सीहोर। अंडर 17 यूथ लीग स्टेट चैंपियनशिप आगामी माह में आयोजित की जा रही है शनिवार को दो दिवसीय फुटबॉल ट्रायल सीहोर चर्च ग्राउंड पर आयोजित की गई है। इसमें शहर सहित आस-पास के क्षेत्र के करीब 40 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को दोपहर बारह बजे से सीहोर जिले से बाहर के खिलाड़ियों की ट्रायल ली जाएगी जो भी खिलाड़ी ट्रायल में भाग लेना चाहता है खेल प्रशिक्षक सुयश कनौजिया, आनंद उपाध्याय, मनोज अहिरवार से संपर्क करें, प्रत्येक खिलाड़ी को अपना जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। ट्रायल के पश्चात शहर के चर्च मैदान पर अंडर-17 यूथ लीग स्टेट चैंपियनशिप के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के बाद टीम की घोषणा की जाएगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ 5 दिसंबर से किया जाएगा।

सेकंड एकलव्य टी-20 कॉरपोरेट ट्रॉफी में अलिशा और आरएसआई की शानदार जीत

सीहोर। शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सैकेंड एकलव्य टी-20 कॉरपोरेट ट्रॉफी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन केकेआर खेरी आष्टा की टीम को दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच में अलिशा इंटरप्राइजेज ने केकेआर खेरी आष्टा को 147 रन से पराजित किया, जबकि दूसरे मुकाबले में आरएसआई ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट से जीत दर्ज की। पहले मैच में अलिशा इंटरप्राइजेज के हरफनमौला खिलाड़ी सैय्यद जमरान जावेद ने 49 रन की शानदार पारी खेलने के साथ गेंदबाजी में भी 3 विकेट हासिल किए। प्रतियोगिता के दौरान कोच अतुल कुशवाहा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले मुकाबले में अलिशा इंटरप्राइजेज ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 195 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज शाबिर मोहम्मद और औसफ उररहमान ने 36-36 रन की पारियां खेलीं। सैय्यद जमरान जावेद ने 31 गेंदों पर 49 रन बनाकर टीम के स्कोर को मजबूती दी, जबकि पियुष राज सक्सेना ने 28 रन और रसीद अंसादी ने 21 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर खेरी आष्टा की टीम अलिशा इंटरप्राइजेज की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 48 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से राजीव ने 12 रन और राकेश पवार ने 13 रन बनाए। अलिशा इंटरप्राइजेज की ओर से संकेत दुबे और सैय्यद जमरान जावेद ने 3-3 विकेट हासिल किए। विनोद पाल ने 2 विकेट तथा मुदस्सर आलम ने 1 विकेट लिया।

वार्ड 6 को मिली विकास कार्यों की सौगात, सीसी रोड का किया भूमिपूजन

वार्ड की कई गलियों में बदलेगी सड़कों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को लेकर नगर पालिका परिषद अब उन क्षेत्रों पर भी ध्यान दे रही है, जहां लंबे समय से सड़क निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 6 में 10 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया।प्रस्तावित निर्माण के तहत लालमन की दुकान से जैन मंदिर तक सड़क बनाई जाएगी। वहीं जैन मंदिर से आकाश के घर तक और वार्ड की विभिन्न आंतरिक गलियों में भी सीसी रोड का निर्माण होगा। इस कार्य से क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था बेहतर होगी और रहवासियों को कच्ची एवं खराब सड़कों की परेशानी से राहत मिलेगी।भूमि पूजन अवसर पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि किसी भी शहर की वास्तविक तस्वीर उसकी कॉलोनियों और वार्डों की सड़कों से दिखाई देती है। हमारा प्रयास है कि विकास का लाभ केवल मुख्य मार्गों तक सीमित न रहे, बल्कि मोहल्लों की छोटी-छोटी गलियों तक भी पहुंचे। वार्डवासियों की जरूरतों को समझकर काम करना ही हमारी कार्यशैली है। जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरना हमारा दायित्व है, उन्होंने कहा कि वार्डों में विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से मिलने वाले सुझावों को गंभीरता से लिया जा रहा है। शहर के विकास में किसी भी क्षेत्र को पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, पार्षद विद्या बिजोरिया, प्रदीप बिजोरिया, नरेंद्र राजपूत, कमलेश राठौर, दिनेश कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, अर्जुन राठौर सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

जिले में ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस सत्रों का आयोजन

सीहोर। जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 186 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 186 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में 0 से 1 वर्ष तक के 705 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 319 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 131 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

:: सार्वजनिक सूचना ::

यह कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री शकील आत्मज श्री अब्दुल गनी द्वारा श्री अमित गौर एवं श्री अरुण गौर आत्मज श्री सर्वेश गौर से उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम सोंठी तह० श्यामपुर जिला सीहोर अंतर्गत खसरा क्रमांक 433/67/3 (S), कुल रकबा 1.788 हेक्टेयर में से रकबा 1.619 हेक्टेयर भूमि क्रय करने का अनुबंध किया गया है। अतः उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था अथवा शासकीय/अशासकीय विभाग को स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, ऋणभार, बकाया, पूर्व विक्रय अनुबंध अथवा अन्य किसी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा हो, तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रमाण सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे।

रोहित सिंह प्रजापति (अधिवक्ता)
तहसील चौराहा सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.)
9144087808, 7987386876

न्यायालय नायब तहसीलदार सीहोर तहसील व जिला सीहोर म.प्र.

प्र.क्र. 0001/अ-20(2)/2026-27

// जाहिर सूचना पत्र //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उप केन्द्रीय असूचना अधिकारी (सहायक असूचना ब्यूरो, गृह मंत्रालय भारत सरकार - सीहोर) द्वारा कार्यालय सहअवासीय (ओ.सी.आर.) निर्माण हेतु ग्राम शेरपुर तकीपुर स्थित भूमि खसरा क्रं. 156, रकबा 3.423 हे.भूमि में से 0.121 हे. भूमि का आवंटन चाहा गया है। उक्त संबंध में यदि किसी विभाग या अन्य नगर / ग्राम वासी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति जाहिर सूचना दिनांक से 15 दिवस के अन्दर न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद-म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील सीहोर

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया

मंत्री टेटवाल व कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, बिजली संबंधी शिकायतों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सारंगपुर में जनविश्वास शिविर का आयोजन किया गया। इसमें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। मंत्री और कलेक्टर ने आवेदनों एवं शिकायतों पर एक-एक कर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में नगर की मूलभूत समस्याओं को लेकर भी नागरिकों ने खुलकर अपनी बात रखी। वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद नासेरा बी आशिक मंसूरी ने मंत्री टेटवाल और कलेक्टर को समस्या बताई। वहीं बिजली संबंधी शिकायतों को लेकर भी कई नागरिकों ने अपनी परेशानी बताई। एक युवक ने खड़े होकर कहा कि उसके खिलाफ विद्युत चोरी का झूठा प्रकरण दर्ज कर दिया गया है। इसके अलावा विद्युत कटौती और अन्य समस्याओं को लेकर भी लोगों ने शिकायतें रखीं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए।



ऊर्जा विभाग के अधिकारी को नोटिस के निर्देश

शिविर में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति और शिकायतों के निराकरण की समीक्षा भी की गई। ऊर्जा विभाग के संबंधित अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। मंत्री टेटवाल ने कहा कि जनविश्वास शिविर में सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण करें।

सीएम हेल्पलाइन निराकरण में राजगढ़ आठवें स्थान पर

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में राजगढ़ जिला प्रदेश में आठवें स्थान पर है। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने और शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताई सफलता की कहानी

शिविर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। कृष्णा भीलाला ने बताया कि पहले वे मजदूरी करती थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया। वर्तमान में वे अपनी गाड़ी से दोना-पत्तल की सप्लाई कर आत्मनिर्भर बनी हैं। इसी तरह एसडीएम कार्यालय से जुड़े बाबा रामदेव स्वयं सहायता समूह की जमुना ने बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उनकी मासिक आय लगभग 10 हजार रुपये हो गई है। अब उन्हें मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। वहीं रेखा स्वयं सहायता समूह की सरिता गोस्वामी ने बताया कि वे वर्ष 2018 से साबुन निर्माण का कार्य कर रही हैं। समूह के माध्यम से चार लाख रुपये का ऋण लेकर उन्होंने व्यवसाय का विस्तार किया है। वर्तमान में समूह जनपद पंचायत सारंगपुर में साबुन की आपूर्ति कर रहा है। समूह द्वारा लिसरीन साबुन और फिनाइल का निर्माण भी किया जा रहा है। इस पर मंत्री टेटवाल ने जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देश दिए कि छात्रावासों में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदी को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि ग्रामीण महिलाओं को बाजार मिल सके।

महिलाओं को ऋण और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ वितरित

शिविर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को ऋण वितरित कर स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही संबल योजना, पेंशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत सात हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत भी सात हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इनमें प्रत्येक हितग्राही को एक-एक लाख रुपये की राशि स्वीकृत/उपलब्ध कराई गई।

सीसीटीवी कैमरे लगाने वाली ग्राम पंचायतें सम्मानित

गांवों में सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने वाली ग्राम पंचायतों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने इस पहल को ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। जनविश्वास शिविर के माध्यम से शासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं के निराकरण, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने और महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। इस दौरान एसडीएम जय सोलंकी, एसडीओपी महेश सुनैय्या तहसीलदार सुनील वर्मा, कपिल शर्मा, जनपद सीईओ हेमेन्द्र गोविल, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे।

सौर ऊर्जा की नई पहल: आयुक्त ने पांच एचपी सोलर पंप व एग्री पीवी प्लांट देखा

जिले को सौर ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने काम तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम तेज हो गया है। शुक्रवार को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के आयुक्त तथा ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध संचालक अमित तोमर ने जिले का दौरा कर दो प्रमुख सौर ऊर्जा परियोजनाओं की जमीनी हकीकत देखी।

किसानों से जाना सोलर पंप का फीडबैक

निरीक्षण के पहले चरण में आयुक्त तोमर ग्राम जमुनिया जोहर पहुंचे। यहां उन्होंने 'पीएम कृषक मित्र सूर्य योजना' के तहत स्थापित किए जा रहे 5 एचपी क्षमता के सोलर पंपों की गुणवत्ता परखी। इस योजना के तहत पात्र किसानों को कुल लागत का मात्र 10 प्रतिशत अंशदान ही देना होगा। श्री तोमर ने मौके पर मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर स्थापना कार्य के बारे में फीडबैक लिया और संबंधित एजेंसियों को तय समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए।



एक ही खेत से फसल और बिजली का दोहरा लाभ

इसके बाद आयुक्त नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम हिकमी पहुंचे, जहां निर्माणाधीन 2 मेगावाट के 'एग्री पीवी प्लांट' का जायजा लिया गया। उन्होंने प्लांट की तकनीकी व्यवस्था और निर्माण प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एग्री पीवी मॉडल किसानों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि इससे वे एक ही खेत में पारंपरिक खेती के साथ-साथ सौर ऊर्जा से बिजली भी पैदा कर सकेंगे। इससे किसानों की आय में सीधा इजाफा होगा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि दोनों परियोजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समय पर पूरे किए जाएं।

पॉक्सो एक्ट व किशोर न्याय अधिनियम के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देशन, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अंकिता पांड्या के मार्गदर्शन में 13 नवंबर को वन स्टॉप सेंटर मंदसौर द्वारा हब अंतर्गत निर्धारित मासिक थीम के अनुसार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को पॉक्सो एक्ट एवं किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों, उद्देश्यों और बच्चों के संरक्षण में उनकी भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम, बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित पाठ्यक्रमों, उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं और डिजिटल माध्यम से पढ़ाई के अवसरों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा शिक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।



महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया का दौरा कार्यक्रम

मंदसौर। मध्यप्रदेश शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया जिले के दौरे पर रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया 17 नवंबर को सांय 7:30 बजे जिले के गांधीसागर आकर रात्री विश्राम करेंगी। वे 18 नवंबर को गांधी सागर में केबिनेट बैठक एवं अन्य स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी।

वन राज्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम

मंदसौर। प्रदेश के वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार 17 नवंबर को सांय 4 बजे गांधीसागर आएंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। वे 18 नवंबर को गांधीसागर में मंत्री-परिषद की बैठक में भाग लेंगे।

पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेसजनों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़

ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी शामगढ़ द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

वक्ताओं ने उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, आधुनिक भारत के निर्माण तथा शिक्षा, विज्ञान एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.शौकत मंसूरी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहन्द्र पोरवाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश सोनू जायसवाल, प्रमोद फरक्या, पंकज मुजावदिया, बबलू मेव, गोपाल पटेल, नीलेश संघवी, राऊफ पठान, सुल्तान सिंह गुर्जर, राजेन्द्र मालवीय, दशरथ राठौर, शाजिया खान, शीतल जायसवाल शयामदास बैरागी डैडी, इक़बाल शाह, मुकेश सेन सहित काँग्रेसजन उपस्थित रहे।



बाल दिवस पर विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, साइबर सुरक्षा व नशामुक्ति के प्रति किया गया जागरुक

न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह व नालसा योजना अंतर्गत नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर द्वारा बाल दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर, मंदसौर में न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह 2026 एवं 15 दिवसीय नशामुक्ति जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर अनीष कुमार मिश्रा द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थ तिवारी एवं नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष राजदीप परवाल, प्राचार्या डॉ सरोज प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा नशामुक्ति अभियान के उद्देश्यों एवं महत्व की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इन अभियानों का उद्देश्य आमजन एवं विशेषकर विद्यार्थियों को विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीष कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। अतः उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अपनी भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। अच्छे संस्कार, नैतिक आचरण एवं अनुशासन ही उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जिला न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थ तिवारी द्वारा पॉक्सो अधिनियम, साइबर कानून एवं किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बाल अधिकारों, लैंगिक अपराधों से संरक्षण, साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना, 2025 के अंतर्गत 15 दिवसीय नशामुक्ति जागरूकता अभियान का भी शुभारंभ किया गया, जो 14 नवंबर से आगामी 15 दिनों तक संचालित होगा।

बहते हुए जल को रोकना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी : नारायणसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मप्र जनअभियान परिषद के निर्देशन में नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति के मार्गदर्शन में क़यामपुर सेक्टर क्रमांक 1 में जल संचय अभियान को लेकर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खजुरी चंद्रावत एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नाटाराम द्वारा बोरी बंधान किया गया। जिसमे विकासखण्ड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने कहा की सीतामऊ अतिदोहन क्षेत्र में आ रहा है, वर्षा के जल को बहते हुए रोकना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। परामर्शदाता हरिओम गंधर्व ने कहा कि जल संरक्षण को लेकर समाज के साथ ही मप्र जनअभियान परिषद एवं नवांकूर संस्था निरंतर कार्य कर रही है, जो समाज को जागरुक कर समाज के सहयोग से अधिक से अधिक जल को सहझने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

नाटाराम एवं खजुरी चंद्रावत में किया बोरी बंधान

5 घंटे जेसीबी एवं समाज के सहयोग से हुआ बोरी बंधान

मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के निर्देशन में नवांकूर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खजूरी चंद्रावत द्वारा बोरी बंधान किया गया। जल संचय अभियान अंतर्गत ग्रामीण जनों के सहयोग से शमशान घाट के पास नाले पर पांच घंटे जेसीबी चला कर सीमेंट के कट्टों में मिट्टी भरकर पाल बनाई गई। इस अवसर पर क्रयामपुर सेक्टर के परामर्शदाता हरिओम गंधर्व,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कचनारा के अध्यक्ष भगतराम राठौर,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खजूरी चंद्रावत के अध्यक्ष लक्ष्मण मालवीय विशेष रूप से उपस्थित थे। बोरी बंधान करते समय गोपाल नारायण खींची ने बताया कि प्रतिवर्ष यहां बोरी बंधान कर पानी रोका जाता है। जिसमें पशु-पक्षीयों के लिए 8 माह तक पानी भरा रहता है। इसके साथ ही गेहूं,रायडा एवं अन्य फसल को भी पिलाने का काम किया जाता है। इस वर्ष बारिश कम हुई है इसके पश्चात पानी बह रहा रहा है। बोरी बंधान प्रदान करते समय कैलाश मालवीय, इंदरसिंह चावड़ा सहित ग्रामीण जन विशेष रूप से उपस्थित है।

कमलेश सिसौदिया बने सभापति

64वां पशुपतिनाथ मेला : 6 सदस्यीय मेला समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

आगामी 64वें भगवान पशुपतिनाथ महादेव मेले 2026 के आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नगर पालिका द्वारा 6 सदस्यीय मेला समिति का विधिवत गठन कर दिया गया है। इस वर्ष पार्षद कमलेश सिसौदिया को मेला समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। भगवान पशुपतिनाथ का यह प्रसिद्ध मेला आगामी 20 नवंबर से प्रारंभ होगा। यह आयोजन पूरे 20 दिनों तक चलेगा, जिसमें हर साल की तरह इस बार भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं, पर्यटकों और व्यापारियों के उमड़ने की उम्मीद है। नई समिति जल्द ही मेले की रूपरेखा और व्यवस्थाओं को लेकर कामकाज शुरू करेगी।

गठित की गई नई समिति में एक सभापति और पांच सदस्य शामिल हैं जिसमें कमलेश सिसौदिया - सभापति एवं सदस्यों में सुनिता भावसार, रेखा सोनी, दीपक गाजवा, गोरधन कुमावत, प्रितम पंचोली शामिल है। मेला समिति के गठन के बाद नगर पालिका (नपा) अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर और प्रभारी सीएमओ रोहित राणावत ने नवनियुक्त मेला सभापति कमलेश सिसौदिया सहित समिति के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस नई टीम के नेतृत्व में 64वां पशुपतिनाथ मेला पूरी भव्यता और सफलता के साथ संपन्न होगा।



राजस्व मंत्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

मंदसौर। मध्यप्रदेश शासन राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 17 नवंबर रात्रि 11:51 बजे मंदसौर आएंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 18 नवंबर को प्रातः 9:15 बजे मंदसौर से गांधीसागर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे गांधीसागर में मंत्री-परिषद की बैठक में भाग लेंगे। वर्मा गांधीसागर से रात्रि 9:30 बजे प्रस्थान करेंगे।

लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड का दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीजन चेयरमैन लायन रमेश मुंदड़ा थे। इस अवसर पर गीत-संगीत का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सभी लायन परिवार ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दीपावली की खुशियों को एक-दूसरे के साथ साझा किया। कार्यक्रम में सभी लायन साथियों को दीपावली उपहार का वितरण किया गया। उपहार वितरण लायन अध्यक्ष मनोज मित्तल, सचिव रितेश गर्ग एवं कोषाध्यक्ष लायन वीरेंद्र सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर सभी लायन सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे। पूरा वातावरण दीपावली की रोशनी, संगीत और आपसी स्नेह से सराबोर रहा।



तप, त्याग और ज्ञान साधना के साथ मनाया ज्ञान पंचमी पर्व

ज्ञान के बिना सभी धार्मिक क्रियाएं अधूरी: साध्वी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ज्ञान के बिना सभी धार्मिक क्रियाएं अधूरी हैं। हम जीवन में अनेक धार्मिक क्रियाएं एवं अनुष्ठान करते हैं, लेकिन जब तक हमें उन क्रियाओं का वास्तविक स्वरूप एवं महत्व ज्ञात नहीं होगा, तब तक हमें उनका इच्छित फल प्राप्त नहीं हो सकता। अतः सम्यक ज्ञान की प्राप्ति के लिए ज्ञान पंचमी के पावन पर्व पर विधिपूर्वक ज्ञान पूजा एवं आराधना करना अत्यंत आवश्यक है। राजेंद्र सूरि ज्ञान मंदिर महिदपुर रोड पर चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी डॉ. अमृतरसा श्री महाराज साहब ने ज्ञान पंचमी पर्व पर अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही। शनिवार को साध्वी मंडल की पावन निश्रा में ज्ञान पंचमी महापर्व तप, त्याग, ज्ञान एवं साधना के साथ श्रद्धा और भक्ति भावपूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा में साध्वी ने ज्ञान पंचमी के आध्यात्मिक महत्व को विस्तार से समझाते हुए फरमाया कि इस पावन दिवस पर हमें ज्ञान के उपकरणों, आगम एवं शास्त्रों की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना करनी चाहिए, जिससे हमारे ज्ञान में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर समाज के अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने तप-आराधना, ज्ञान पूजा एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ ज्ञान पंचमी महापर्व मनाकर धर्मलाभ लिया। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की साधार्मिक भक्ति एवं प्रभावना तथा संपूर्ण दिवस के लाभार्थी कांतिलाल बरड़िया परिवार रहे। सकल जैन श्री संघ ने लाभार्थी परिवार की खूब-खूब अनुमोदना कर शुभकामनाएं दीं।

कांग्रेसजनों ने किया माल्यार्पण, अस्पताल में मरीजों को फल-बिस्किट बांटे

सीतामऊ में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतामऊ/मंदसौर

देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू के नाम से पहचाने जाने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती शहर कांग्रेस द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल फरक्या के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। साथ ही देश के विकास में उनके योगदान और कार्यों का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल फरक्या, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गोविंद सिंह पवार, रमेशचंद्र मालवीय, भागीरथ भमभोरिया, भेरूलाल राठौड़, प्रतीक गिरोटिया, बबलू भाई, राजेश चावड़ा, संग्राम सिंह, इकबाल भाई, पवन शर्मा, राहुल भमभोरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नेहरूजी के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से विशेष स्नेह रखते थे, इसलिए बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। उनके जन्मदिवस को देशभर में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। जयंती कार्यक्रम के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीतामऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरित किए।



खबर संक्षेप

भोजपुरी समाज द्वारा आज दिया जाएगा अर्घ

सीहोर। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी रविवार को लोक आस्था का पर्व छठ पूजा के दौरान भोजपुरी समाज द्वारा सांयकालीन डूबते हुए सूर्य को अध्य दिया जायेगा। इस दौरान सीवन घाट पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा एवं नगर पालिका के सौजन्य से साफ-सफाई की गई है। जानकारी देते हुए राकेश कुमार झा ने बताया कि छठ महापर्व पूरे चार दिन का होता है, जिसमें कि शुक्रवार को व्रतियों द्वारा लोकी चावल का सेवन (नहाय-खाय) करके इस त्योहार की शुरुआत की गई। कल शनिवार को दूध चावल और गुड़ से निर्मित खीर बनाकर प्रसाद स्वरूप भगवान को भो लगाया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। आज पर्व का तीसरा दिन है, जिसमें डूबते हुए सूर्य देव को अध्य दिया जायेगा। सभी देवी देवताओं में सूर्य ही एक ऐसे देव है, जिनके साक्षात दर्शन किये जाते हैं। घाट पर ही शाम को अंकुर न्यूज ऐजेन्सी के सौजन्य से भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें छठी माई के गीतों की सुमधुर प्रस्तुति भी दी जायेगी एवं रात्रि में सुन्दरकाण्ड का भी आयोजन किया गया है। इसी संदर्भ में आशीर्वाद स्वरूप छठ घाट पर पधारने हेतु अन्तराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा को भी भोजपुरी समाज के सदस्यों द्वारा आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होने स्वीकार किया है, जिनके पधारने से छठ घाट की गरिमा और भी बढ़ जायेगी तथा अगले दिन समाज द्वारा उगते हुए सूर्य को अध्य दिया जायेगा एवं जनमानस के लिये सुखसमृद्धि की कामना की जावेगी। घाट पर सुरक्षा की दृष्टि से लगभग दो सौ फिट लकड़ी स्टेण्ड लगाये गये हैं।

वन विभाग की हठधर्मिता के खिलाफ खोला मोर्चा, पहले दिन नहीं पहुंचे अधिकारी

हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप 84 वर्षीय पूर्व वन कर्मचारी बैठे अनशन पर

हाईकोर्ट से पक्ष में आदेश जारी हो चुके हैं, इसके बावजूद विभाग पात्रता नहीं होने का हवाला देकर जिम्मेदारी से बच रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिलने और कथित गलत वेतन निर्धारण से पेंशन में कटौती के विरोध में 84 वर्षीय सेवानिवृत्त वन कर्मचारी नेता केएल बैरागी ने शनिवार सुबह 11 बजे टाउन हॉल के पास आमरण अनशन शुरू कर दिया। उम्र के इस पड़ाव पर न्याय के लिए सड़क पर बैठने को मजबूर हुए पूर्व वन कर्मचारी ने वन विभाग पर हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना और कर्मचारी विरोधी हठधर्मिता अपनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जब तक मांगों का निराकरण नहीं होगा और न्याय नहीं मिलेगा, तब तक अनशन समाप्त नहीं किया जाएगा। आमरण अनशन के पहले दिन मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। हालांकि वन विभाग की ओर से एक पत्र भेजकर क्रमोन्नति के लिए पात्रता नहीं होने की बात कही गई है। बैरागी का कहना है कि जबलपुर हाईकोर्ट से उनके पक्ष में आदेश जारी हो चुके हैं, इसके बावजूद विभाग पात्रता नहीं होने का हवाला देकर जिम्मेदारी से बच रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग की इसी हठधर्मिता के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पेंशनर्स को अपने अधिकारों के लिए लगातार भटकना पड़ रहा है।

बदल दिया वेतन निर्धारण का आदेश

केएल बैरागी मई 2004 में वनपाल के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके अनुसार जबलपुर हाईकोर्ट के 18 जनवरी 2011 के आदेश के पालन में तत्कालीन वनमंडलाधिकारी सीहोर ने 1 अगस्त 2011 को उन्हें 29 दिसंबर 1988 से वनपाल पद पर पदोन्नति प्रदान की थी। इसके बाद उनका वेतन निर्धारण 5200 रुपये के वेतनमान में किया गया था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय के वेतन निर्धारण जांच प्रकोष्ठ ने भी 3500-5200 के वेतनमान में किए गए निर्धारण को सही माना था, लेकिन बैरागी का आरोप है कि उक्त आदेश के करीब डेढ़ माह बाद दूसरे वनमंडलाधिकारी ने 15 सितंबर 2011 को नया आदेश जारी कर उनका वेतन निर्धारण 3500-5100 के वेतनमान में कर दिया। इससे उनका पीपीओ संशोधित हो गया और पेंशन कम मिलने लगी। उनका कहना है कि वनपाल पद के लिए निर्धारित वेतनमान भी गलत है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कलेक्टर से लेकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक तक लगाई गुहार

बैरागी ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर, एसपी, डीएफओ सहित प्रधान मुख्य वन संरक्षक को आवेदन देकर पूरे मामले से अवगत कराया था। कई बार विभाग को चेतावनी देने के बावजूद निराकरण नहीं होने पर उन्होंने आमरण अनशन का रास्ता अपनाया। अनशन के दौरान उन्होंने वन कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों और विभाग में कथित भ्रष्टाचार को भी उजागर करने की बात कही।

पेंशनर्स ने पहुंचकर दिया समर्थन

आमरण अनशन पर बैठे पूर्व वन कर्मचारी नेता एवं प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के उप प्रांत अध्यक्ष केएल बैरागी को समर्थन देने के लिए पंडित राममूर्ति शर्मा, बेनी प्रसाद कुशवाहा, दीनदयाल शंखवार, नर्मदा प्रसाद खरे, सुंदर लाल राठौर, सिद्धू सिंह ठाकुर, विनोद उपाध्याय, दिलीप सिंह राठौर, वीरेंद्र सिंह बिसोरिया, एलएन सेन, लखन लाल सेन, भगवानदास प्रजापति, मुन्नालाल प्रजापति, सुधीर दुबे, राजेंद्र गांधी, नंदराम पाल, अशोक दुबे, महेश सोलंकी, प्रकाश अग्रवाल और सुरेश भगत सहित अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारी पहुंचे। 84 वर्ष की उम्र में न्याय के लिए आमरण अनशन पर बैठे बैरागी का कहना है कि यह लड़ाई केवल उनकी पेंशन और क्रमोन्नति की नहीं, बल्कि उन कर्मचारियों के अधिकारों की भी है, जो सेवानिवृत्ति के बाद अपने ही विभाग में न्याय के लिए भटकने को मजबूर हैं।

ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पं. नेहरू की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान, देश की एकता-अखंडता एवं आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को याद किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश की आजादी से लेकर आजाद भारत के निर्माण में चाचा नेहरू का योगदान अमूल्य रहा। उन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी और शिक्षा, विज्ञान, उद्योग एवं लोकतंत्र को मजबूत किया।

इस अवसर पर बाल दिवस के उपलक्ष में सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। वक्ताओं ने कहा कि नेहरू जी बच्चों से विशेष स्नेह रखते थे, इसलिए उनकी जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है।कार्यक्रम में पार्षद राजेंद्र भरेवा, रूप सिंह ठाकुर, सूरज सिंह ठाकुर, पप्पू मंसूरी, ऋषभ श्रीवास्तव, अमीन खान एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में रोहित शर्मा ने हासिल किया द्वितीय स्थान, गुरु का बढ़ाया गौरव

सीहोर। प्रतिभा, कला और कठिन परिश्रम के बल पर युवा अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। इसी क्रम में प्रमोद जोशी के शिष्य रोहित शर्मा ने राष्ट्रीय युवा जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। रोहित शर्मा की इस सफलता से उनके गुरु प्रमोद जोशी सहित शुभचिंतकों और कला प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित किया है कि निरंतर अभ्यास, सही मार्गदर्शन और समर्पण से प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

कुबेरेश्वरधाम पहुंचे सरस्वती मठ के पीठाधीश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सनातन धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को पुनः सामने लाने और उनसे जुड़े ऐतिहासिक स्थलों के अध्ययन एवं दस्तावेजीकरण के उद्देश्य से भारत यात्रा पर निकले कर्नाटक स्थित यडतोरे श्री योगानंदेश्वर सरस्वती मठ के पीठाधीश्वर श्री श्री शंकर भारती महास्वामी शनिवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पहुंचे। यहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से सौजन्य भेंट कर आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि महास्वामी की इस भारत यात्रा का उद्देश्य उन धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों की पहचान, अध्ययन और दस्तावेजीकरण करना है, जहां परंपराओं के अनुसार आदि शंकराचार्य के चरण पड़े थे। इसी यात्रा के क्रम में कुबेरेश्वरधाम आगमन पर उनका श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। इस दौरान शंकर भारती महास्वामी अपने शिष्य मंडल के साथ पंडित प्रदीप मिश्रा के साथ मंदिर परिसर पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान भगवान शिव-पार्वती, भगवान श्रीराम-सीता तथा भगवान श्रीकृष्ण-राधा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने धाम की गौशाला, बाबा की शिला और श्रद्धालुओं के लिए संचालित निःशुल्क भोजन प्रसादी व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना भी की। आध्यात्मिक संवाद के दौरान महास्वामी ने सनातन संस्कृति के संरक्षण, भारतीय जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना और समाज में आपसी सद्भाव बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने एकात्मवाद के तीन स्वरूपों—ब्रह्म रूप, व्यावहारिक रूप एवं आध्यात्मिक रूप का उल्लेख करते हुए उपस्थित संतों से आध्यात्मिक स्वरूप के संदेश को एकरूपता के साथ समाज में प्रचारित-प्रसारित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने महास्वामी का आत्मीय स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कुबेरेश्वरधाम में संतों का यह आध्यात्मिक मिलन सनातन परंपरा, सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक चेतना के विस्तार का महत्वपूर्ण अवसर बना।

सांदीपनि विद्यालय में उत्साह के साथ मनाया बाल दिवस, छोटे-छोटे बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैरूंदा



शनिवार को सांदीपनि विद्यालय में बाल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में पूर्व प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए हिंदी और अंग्रेजी कविता पाठ के साथ चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने कहानी सुनाने, कविता पाठ, निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताओं में भाग लिया। वहीं माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई। इसके अलावा बच्चों के लिए खेलकूद और मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने सामूहिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। पूरे विद्यालय परिसर में दिनभर उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजय श्रीवास्तव ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अच्छे संस्कार विकसित करना भी है। उन्होंने बच्चों से अपने लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।कार्यक्रम में अखिलेश चौहान, पवित्रा, शैलेन्द्र चौहान, मीनू श्रीवास्तव, वंदना परसाई, प्रियंका पंवार, दीपिका खरते, साबिर खान, संगीता लोधी, जितेन्द्र पंवार एवं जयप्रकाश पंवार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

बाल मेले में बच्चों ने लगाए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बाल दिवस के अवसर पर शासकीय और अशासकीय स्कूलों में बाल मेले का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उमंग और उत्साह से सराबोर नजर आया। मेले में विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल मेले में समोसा चाट, भेल, गोलगप्पे, गुलाब जामुन, रसगुल्ले सहित अनेक स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने अपने स्टॉलों के आकर्षक एवं मनोरंजक नाम रखकर मेले को और भी रोचक बना दिया। वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य और अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बाल मेले जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता, आपसी सहयोग और व्यावहारिक ज्ञान का विकास होता है। साथ ही बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर मिलता है। बाल मेले के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों, टीम भावना, जिम्मेदारी और आपसी सहयोग का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया। बाल मेला बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ सीखने, समझने और आत्मविश्वास बढ़ाने का एक यादगार अवसर साबित हुआ।

कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू की जयंती मनाई, देश के निर्माण में उनके योगदान को याद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा देश के लिए दिए योगदान को याद किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह मेमदाखेड़ी ने कहा कि जब देश आजाद हुआ तब देश के पास न संसाधन थे और न आर्थिक स्थिति मजबूत थी। पंडित नेहरू ने देश को उस स्थिति से निकालकर आईआईटी, आईआईएम, एम्स, इसरो जैसे संस्थान खड़े किए और किसानों के लिए भाखड़ा नांगल बांध तथा पंचवर्षीय योजनाएं लागू कीं। उन्होंने कहा कि आज कुछ तथाकथित ताकतें नेहरू जी को बदनाम करने पर तुली हैं, लेकिन उनके बदनाम करने से नेहरू जी का कद और ऊंचा हो जाता है।इस अवसर पर मीना सिंगी, सोबालसिंह मुगली, सोबालसिंह बागेर, कमलसिंह चौहान, जगदीश चौहान, घनश्याम जांगड़ा, सलीम अंसारी, तौसीफुद्दीन, फैजुद्दीन, कृपाल मालवीय, राजकुमार मालवीय, शोएब-उर-रहमान, प्रदीप भाटी, महेश परमार, आत्माराम परमार, देवराज परमार, इमरान डीलक्स, रामचरण दवारिया, लोकेन्द्र भाटी, आशिक मंसूरी, नासिर खान, टोनी जैन, रेवाराम विश्वकर्मा, बंशी बांबे, हरि मेवाड़ा, रूपसिंह बालखेड़ा, मुकेश काजीखेड़ी आदि उपस्थित रहे।

गोपालपुर में विकास कार्यों के लिए 7 लाख की घोषणा, धर्मशाला निर्माण का भूमिपूजन

प्रत्येक ग्राम बड़े शहरों की तरह सर्व सुविधायुक्त होंगे: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी की 100वीं सालगिरह तक भारत को विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य तय किया है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित मध्यप्रदेश का जो सपना देखा है, वह ग्रामों के समग्र विकास से ही संभव है। प्रत्येक ग्राम का भी शहरों की तरह विकास हो, गांवों में ही सभी सुख-सुविधाएं हों, यही विकसित भारत की कल्पना है। उक्त उद्गार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम पंचायत गोपालपुर में धर्मशाला निर्माण के भूमिपूजन एवं जन्मदिन उपरांत तुलादान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

ग्राम गोपालपुर पहुंचने पर सरपंच उदयसिंह ठाकुर के नेतृत्व में विधायक का तुलादान किया गया। विधायक ने गोपालपुर में धर्मशाला निर्माण हेतु 5 लाख रुपये, रामदेव जी के शिखर के लिए 1 लाख, शीतलामाता के ओटले के लिए 50 हजार एवं भेरू महाराज के ओटले के लिए 50 हजार रुपये देने की घोषणा की।विधायक ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कुछ ही महीनों में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के 282 ग्रामों में हर घर नल से नर्मदा मैया का जल पहुंचाया जाएगा। 1478 करोड़ की इस योजना का आष्टा को बड़ा लाभ मिलेगा। नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना से क्षेत्र के करीब 226 ग्रामों को लाभ मिलेगा और 75 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होगी। इससे किसान दो के स्थान पर तीन फसल ले सकेगा और आय बढ़ेगी।उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि, लाडली बहना योजना, आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना, मुफ्त अनाज सहित कई योजनाओं से आमजन के जीवन में परिवर्तन आया है।

गोपालपुर पंचायत में ही 350 से अधिक लाडली बहनाओं को हर माह 1500 रुपये मिल रहे हैं। जल्द ही छूटी हुई बहनों के नाम भी जुड़ेंगे और राशि 3000 रुपये होगी। विधायक ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि हर ग्राम में मांगलिक भवन, टीन शेड और सुव्यवस्थित मोक्षधाम का निर्माण हो। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर तुलसीराम, सीताराम, नारायणसिंह, धर्मेन्द्र मालवीय, अंकित कुमार, अनिल कुमार, बंशीलाल, सेजमल, देवीराम, देवकरणसिंह, विकास, आनंद कुमार, अंबाराम, सवाई सिंह, जीवन सिंह, कैलाश परमार, दीपक मकवाना, राजाराम परमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, भाजपा कार्यकर्ता एवं आसपास की पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे।

असिस्टेंट मैनेजर श्रुति जैन का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रुति जैन पिता राजेश जैन ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर प्रतिष्ठित कंपनी में चार्टर्ड अकाउंटेंट असिस्टेंट मैनेजर के पद पर नियुक्ति प्राप्त कर परिवार एवं समाज का गौरव बढ़ाया है। इस सफलता पर संघ परिवार द्वारा श्रुति जैन का स्वागत एवं सम्मान किया। उपस्थित सदस्यों ने पुष्पमाला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अध्यक्ष महेश जाट ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। श्रुति की उपलब्धि समाज की बेटियों के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष देवानंद भोजवानी, दिनेश जैन, बसंत सुराणा, पुरुषोत्तम चंदानी, मनीष साधवानी, राजेश जैन सहित संघ परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।